# 1100 करोड़ की लागत से बना 133 किमी ट्रैक

## दिसंबर तक शुरू होगी नई रेल लाइन, यात्री अब तेज रफ्तार ट्रेनों और बड़े शहरों से सीधा कनेक्शन पाएंगे

**नीमच. नीमच-रतलाम रेल लाइन पर दोहरीकरण का काम तेज गति से चल रहा है. 133 किमी इस दोहरीकरण का अब तक 72 फीसदी से अधिक काम हो चुका है.**

रेलवे ने इसी साल के अंत तक दिसंबर में पूरा करने का लक्ष्य रखा है लेकिन नवंबर तक ही काम पूरा करने का दावा किया जा रहा है. इससे यह क्षेत्र भी बड़े शहरों से सीधा जुड़ेगा और यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा. इस प्रोजेक्ट पर सरकार 1100 करोड़ की राशि रतलाम मंडल में खर्च कर रही है. इसमें जहां काम पूरा हुआ है वहां सीआरएस के निरीक्षण के साथ गति परीक्षण हो चुका है.



दोहरीकरण का यह प्रोजेक्ट अंतिम चरण में चल रहा है. इसमें दलौदा-ढोढर के बीच करीब 20 किमी लंबे नई दोहरी लाइन पर गति परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है. नीमच से दलौदा और दलौदा से रतलाम दो चरणों में इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है. नीमच-रतलाम के 133 किमी के रेल ट्रैक में से 72 प्रतिशत से अधिक यानी 95 किमी से अधिक ट्रैक बिछाने का काम हो चुका है.

### रेलवे दोहरीकरण प्रोजेक्ट अंतिम चरण में

अब तक की गति के ग्राफ को देखा जाए तो नीमच रतलाम के 133 किमी के रेल ट्रैक में से जो काम पूरा हुआ है उसमें दलौदा से मल्हारगढ़ और रतलाम से धौंसवास तक का दोहरीकरण कार्य बाकी है जो चल रहा है. दोहरीकरण का यह ट्रैक पूरा होने के साथ जयपुर से चंदेरिया तक दोहरीकरण से यह जुड़ जाएगा. जो पहले ही तैयार हो चुका है. ऐसे में इस कार्य के पूरे होने के बाद यात्रियों को तेज गति की कई ट्रेन की सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो जाएगी. दोनों ट्रैक दोहरीकरण के जुडने से यह क्षेत्र कई बड़े शहरों को आपस में जोड़ेगा.

जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि सितंबर-2021 में केंद्र सरकार के इस परियोजना को मंजूरी दी. इसके बाद टैंडर सहित अन्य प्रक्रिया के बाद काम दो चरणों में शुरू किया गया. 133 किमी रतलाम-नीमच दोहरीकरण का काम 72 प्रतिशत से अधिक हो चुका है. दिसंबर-2025 में पूरा करने का लक्ष्य है. हमारा प्रयास है कि इसी साल नवंबर में बचा हुआ कार्य पूरा कर लिया जाए. परियोजना से यात्रियों व गुड्स ट्रेन संचालन में लाभ होगा.

# गौ मांस के प्रकरण में 4 आरोपी गिरफ्तार

**बालाघाट, 5 अक्टूबर. थाना कोतवाली पुलिस ने गौवंश प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलोग्राम गौमांस एवं परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी को जप्त किया.**

थाना कोतवाली में पदस्थ प्रआर पोतनलाल चौधरी एफआरव्ही-2 में डायल 112 ड्यूटी पर थे. ड्यूटी के दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई सरेखा रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा वाहन से गौमांस लिये खड़ा है. सूचना पर कोतवाली पुलिस रवाना हुई एवं संदेही व्यक्ति को पकड़ा गया. पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम सलमान शेख बताया. आरोपी के कब्जे से मौके पर कुल 20 पन्नियों में 20 किलोग्राम गौमांस एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त



होंडा कंपनी की एक्टिवा स्कूटी जप्त किया गया. जप्त शुदा गौमांस का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराकर नमूना सीलबंद कराया गया. आरोपी ने पूछताछ पर अपने तीन साथियों के नाम बताये जिनके द्वारा आरोपी को अपराध को लिए दुष्प्रेरित करना स्वीकार किया गया आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 598/2025 धारा 5/9, 4/11 मध्यप्रदेश गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया. आरोपी मोहसीन खान पिता हनीफ खान निवासी लालबर्रा जिला बालाघाट, समीर हाजमी पिता बब्बू हाजमी निवासी लालबर्रा जिला बालाघाट, जुबेर खान पिता इंसान भाई निवासी ग्राम अमोली थाना लालबर्रा जिला बालाघाट को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है.

## ज्योतिरादित्य विंटेज कार चलाते नजर आए

**ग्वालियर.** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया थंडरबर्ड रॉयल विंटेज कार ड्राइव करते नजर आए. सिंधिया को कार चलाते देख समर्थक रोमांचित हुए और शोर मचाते हुए इस पल को अपने अपने मोबाइल में कैद किया. केंद्रीय मंत्री ने भी अपने शाही अंदाज में समर्थकों को हाथ से इशारा कर अभिवादन किया. सिंधिया ग्वालियर फोर्ट स्थित सिंधिया बॉयज स्कूल जा रहे थे. ज्योतिरादित्य जिस थंडरबर्ड रॉयल विंटेज कार को ड्राइव करते नजर आए कार है और देश के चुनिंदा राजघरानों में से एक सिंधिया राजघराने के पास आज भी सुरक्षित व संरक्षित है. फोर्ड थंडरबर्ड एक डेसिंग लुक वाली कार है.

# कफ सिरप कांड : कटारिया फार्मासिटिकल्स सील

**जबलपुर, 5 अक्टूबर. भोपाल भेजे गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल की जांच में दवा अमानक पाए जाने के बाद रविवार को दवा बाजार स्थित कटारिया फार्मासिटिकल्स को सील कर दिया गया.**

भोपाल से आई लैब रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि सिरप का सैंपल मानक के अनुरूप नहीं था और यही छिंदवाड़ा जिले में 10 बच्चों की मौत का कारण बना. उक्त कार्रवाई तहसीलदार तहसीलदार रांझी आदर्श जैन, ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण पटैल के नेतृत्व में की गई है. गौरतलब है कि जबलपुर की कटारिया फार्मासिटिकल्स ने चेन्नई की कंपनी से 660 कोल्ड्रिफ कफ सीरप की



शीशियां मंगाई गई थी. जिसमें से सिरप की 554 शीशियां छिंदवाड़ा के तीन स्टॉकिस्ट को जबलपुर से भेजी गईं थीं। शेष 66 शीशियां बची हुई थी, जिसमें से 16 शीशियों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था। बताया जा रहा है कि सिरप में डायएथिलीन ग्लाईकॉल की मात्रा थी अधिक थी जिसका बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा.

### बिक्री पर रोक

जानकारी के अनुसार कोल्ड्रिफ सिरप पीने से छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत हुई थी, यह दवा जबलपुर के कटारिया फार्मा से ही सप्लाई की गई थी. ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान कटारिया फार्मा पर उपलब्ध कोल्ड्रिफ के शेष स्टॉक की खरीदी बिक्री को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया है और साथ ही इस फर्म द्वारा जहां दवाई सप्लाई की गई थी, उन फर्मों से भी इस दवाइयों के क्रय विक्रय को पूर्णत: प्रतिबंध करवा दिया गया है.

# फर्जी निकली ट्रेन में दो करोड़ के गहनों की लूट

▶ **जीआरपी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया**

**खंडवा, 5 अक्टूबर. रेलवे स्टेशन की जीआरपी थाना पुलिस ने दो करोड़ रुपए की फर्जी लूट की कहानी का पर्दाफाश किया है.**

जीआरपी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे एक करोड़ 80 लाख रुपए के सोने के करीब डेढ़ किलो वजनी जेवरात भी बरामद हुए हैं. पुलिस या नहीं बता रही है कि माल किसका था. आरोपियों ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल स्टेशन पर इन गहनों के लूट की फर्जी एफआईआर दर्ज कराई थी. इनकी



कहानी पर पुलिस को शक हो गया. खंडवा में ल और मुंबई जाकर लिखी रिपोर्ट, इसी से पकड़ा गया.

दरअसल, महाराष्ट्र के नासिक जिले के रहने वाले सागर पारेख जैन ने सीएसटी मुंबई स्थित जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके साथ ट्रेन में खण्डवा रेलवे स्टेशन के नजदीक चलती ट्रेन में चाकू दिखाकर करीब 1 करोड़ 82 लाख रुपये के गहनों की लूट हुई है. जिसमें 52 नग सोने की चूड़ियां और 35 नग सोने की अंगूठियां शामिल हैं. जिनका कुल वजन 1 किलो 500 ग्राम सोना है.

वहीं पुलिस जांच में मालूम चला कि मामला पूरी तरह से झूठा है, और लूटा हुआ माल फरियादी सागर ने ही कल्याण स्टेशन पर अपने एक साथी प्रवीण को दिया था. जिसके बाद पुलिस ने उसके कब्जे से यह माल जप्त कर लिया है. इसके साथ ही जांच में मालूम चला कि, फरियादी सागर ने अपने साथियों संग मिलकर खुद को चोट पहुँचाई, और अपने साथियो संग फर्जी लूट की योजना बनाकर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी. पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सागर के साथ ही उसके साथी संजय और राकेश को भी गिरफ्तार किया है.



# ट्रामा सेंटर के सामने वाले सड़क में सैकड़ों मवेशियों का कब्जा

**रोजाना सैकड़ों मवेशी सड़क को करते हैं बाधित**

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान इसलिए बढ़ रही समस्या**

**सिंगरौली 5 अक्टूबर. जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के सामने से सीएमएचओ दफ्तर, डीडीआरसी भवन की ओर जाने वाली सड़क मुख्य मार्ग में सैकड़ों मवेशी का रात से लेकर सुबह करीब 11 बजे बेजा कब्जा होने से आवागमन प्रभावित होता है.**

इन मवेशियों को गौशाला में भेजने की विशेष तौर पर मांग शुरू है. दरअसल जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर एनसीएल ग्राउंड बिलौंजी के सामने बनी चौड़ी सड़क में सैकड़ों मवेशियों के ठहरने का अड्डा बन चुका है. आलम यह है कि यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में मवेशी सड़क पर कब्जा करते हुये आराम से बैठे रहते हैं. जहां वाहनों को हॉर्न बजाने के बावजूद उनपर कोई असर नही होता. इतना ही नही सड़क पर इतना गोबर कर दिये हैं कि पैदल चलना मुश्किल है.

### मरीजों को होना पड़ रहा परेशान

उक्त सड़क में कहीं भी पैर रखने के लिए जगह नहीं हैं. यहां पर सिर्फ गोबर ही गोबर नजर आते हैं. यहां बताते चले कि इसी मार्ग से सीएमएचओ दफ्तर, डीडीआरसी भवन, एनआरसी स्टोर, वैक्सीन एवं दवाई स्टोर, खण्ड चिकित्सा कार्यालय सहित स्वास्थ्य विभाग के कई दफ्तरों के आने-जाने का रास्ता है. मवेशियों के बेजा कब्जा से मरीजो को भी परेशानी हो रही है. इन मवेशियों को गौ शाला में भेजने की मांग शुरू हो गई है. स्वास्थ्य कर्मी ही कलेक्टर एवं निगमायुक्त का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है.

# कलेक्टर संस्कृति जैन को भावुक विदाई

## पालकी में बेटियों संग सवार होकर ली सिवनी से विदा

**सिवनी, 5 अक्टूबर. जिले से तबादला होने के बाद कलेक्टर संस्कृति जैन को ऐसा सम्मान मिला जिसने हर किसी का दिल छू लिया। विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने उन्हें अनोखे अंदाज़ में विदा किया.**

कलेक्टर संस्कृति जैन को पालकी पर बैठाकर भावुक विदाई दी गई. इस खास पल को और भी यादगार बना दिया उनकी दोनों बेटियों ने, जो अपनी मां के साथ उसी पालकी में सवार थीं. जब पालकी रवाना हुई तो बैकग्राउंड में चल रहे गीत ने माहौल को और भी भावनात्मक



बना दिया-हर किसी की आंखें नम थीं लेकिन दिल गर्व से भरा था. संस्कृति जैन के सिवनी से भोपाल नगर निगम आयुक्त के रूप में तबादले के बाद यह दृश्य जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है. उनके कार्यकाल को सिवनी के लोग संवेदनशीलता, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए हमेशा याद रखेंगे.

# भाजपा नेता रावत के घर में घुसे हथियारबंद बदमाश

▶ **पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई**

**शिवपुरी, 5 अक्टूबर. कोलारस थाना क्षेत्र के पड़ोरा गांव में भाजपा नेता यशपाल रावत के घर में पांच हथियारबंद बदमाश घुस आए. हालांकि घर के सदस्यों की सक्रियता से बदमाश भाग खड़े हुए. यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है.**

सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि पांच युवक रावत के घर के बाहर और परिसर में संदिग्ध तरीके से घूमते नजर आए. उन्होंने घर के दरवाजों और अन्य हिस्सों से भीतर घुसने की कोशिश की. लेकिन जैसे ही घर के लोगों को आहट हुई, वे जाग गए और बदमाशों को भागना पड़ा.

भाजपा नेता यशपाल रावत ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब उनका परिवार निशाने पर आया है. कुछ महीने पहले उनकी एजेंसी पर भी कार सवार बदमाश हमला करने पहुंचे थे लेकिन चौकीदार की सतर्कता से वे कामयाब नहीं हो सके. इसके अलावा उनके चाचा के घर पर करीब 28 लाख रुपए की डकैती हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हुआ है. रावत ने इन घटनाओं के पीछे किसी संगठित गिरोह की साजिश की आशंका जताई है.

## नकबजनी के मास्टर माइंड राजस्थान से गिरफ्तार

**इंदौर.** कनाडिया थाना क्षेत्र में चार महीनों में चार बड़े घरों में ताले तोड़कर सोने-चांदी और नगदी की चोरी करने वाला अंतरराज्यीय शातिर आरोपी नरेश यादव को राजस्थान से गिरफ्तार किया है. जबकि उसका साथी परमिंदर फिलहाल हरियाणा में फरार है. आरोपी ने बिना नंबर की कार, बिना सिम का फोन और सुनसान इलाकों का मास्टर प्लान बनाकर चोरी को अंजाम दिया था, पुलिस ने इस गिरोह को पकड़ने के लिए 850 से अधिक सीसीटीवी फुटेज, 5 महीने की मेहनत और 12 दिन की रैकी की थी. जप्त माल में क्रेटा कार, आईफोन, विवो फोन, सोने-चांदी के जेवरात और नगदी शामिल हैं, जिसकी कीमत लगभग 36 लाख रुपए बताई जा रही है.



# मां शारदा को चढाई 3 .5 किमी लम्बी चूनर

## चूनर यात्रा हुई एशिया बुक ऑफ दा रिकार्ड में दर्ज

**सतना/मैहर, 5 अक्टूबर. जिले की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर को आयोजित मैहर जिले के द्वितीय गौरव दिवस की पहली गतिविधि की शुरूआत मां शारदा देवी के चरणों में 3.5 किमी लम्बी लाल चूनर चढाकर की गई.**

मां शारदा मंदिर की डयोढी से शुरूआत की गई इस चूनर यात्रा को पहाडी के सडक मार्ग से होते हुए विशाल चूनर यात्रा के माध्यम से मां शारदा के चरणों में समर्पित की गई. गौरव दिवस पर 3.5 किमी लम्बाई की चूनर यात्रा को एशिया बुक ऑफ दा रिकार्ड में दर्ज किया गया.

मैहर के मां शारदा परिसर में 5 किमी देवी जी मार्ग पर श्रृद्धा और भक्तिभाव से 3.5 किमी लम्बाई की चूनर यात्रा निकाली गई. शंख ध्वनि और वेद मंत्रों के बीच देवी मंदिर की डयोढी से लाल परिधानों में महिलायें और श्वेत पीत वस्त्रों को धारण कर पुरूष नागरिकों ने चूनर यात्रा का शुभारंभ किया. चूनर यात्रा में शामिल मैहर जिले वासियों का सडक के दोनों ओर खडे मैहर के स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. चूनर यात्रा के अग्रभाग पर पीले परिधानों में लोक नर्तक दल के कलाकारों द्वारा पूरे मार्ग में देवी भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिपूर्ण बनाये रखा. रामनगर, अमरपाटन, मैहर तहसील के दूर-दराज क्षेत्रों से आई स्व-सहायता समूह की दीदीओं ने भजन-कीर्तन करते हुए अपनी सहभागिता दी.

देवी जी मार्ग पर 3500 मीटर लम्बाई की लाल चूनर की 5 किमी की यात्रा में लगभग 5 हजार महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी की. विशाल चुनरी यात्रा का शुभारंभ प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया. मंदिर परिसर के पहाडी सडक मार्ग पर मैहर जिले के नगरवासी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी तथा श्रद्धालु जन तथा आम नागरिकों ने चूनर यात्रा में अपनी सहभागिता निभाई. इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम दिव्या पटेल, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित सभी जिला, विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवियों सहित सभी वर्ग के नागरिकों ने सहभागिता दी. मैहर जिले के द्वितीय गौरव दिवस पर आयोजित 3 .5

# विंध्य को गौरवान्वित करने वालों का सम्मान

**सीधी, 5 अक्टूबर. प्रदेश में विंध्य को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भोपाल में किया जाएगा.**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विंध्य क्षेत्र के निवासियों के सम्मान के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट, भोपाल के तत्वावधान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह 25 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में विंध्य के उन सभी प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से क्षेत्र का नाम रोशन किया है. इनमें संघ लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित



अभ्यर्थियों के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी भी शामिल होंगे.

बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के महासचिव डॉ. कमलाकर सिंह ने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विधायक अजय सिंह करेंगे. इस अवसर पर 'बघेली दर्पण' नामक स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा.

इस समारोह में विंध्य की उन सभी प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया है जिन्होंने क्षेत्र का मान बढ़ाया है. डॉ. सिंह ने कहा कि ट्रस्ट ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान करते हुए गर्व महसूस करता है. कार्यक्रम के बाद दोपहर भोज में बघेली व्यंजनों का आनंद भी लिया जाएगा जो आयोजन को और विशेष बनाएगा.

**ज्ञापन** ▶ व्यापारियों ने बिना नीलामी व ईटेंडरिंग के अनिवार्य रूप से दुकानें आवंटित की मांग की

# सिंधिया व्यापारियों के सच्चे अभिभावक : सिलावट

**दुकानदारों की समस्याओं को मंत्री ने सुना**

**जल्द निराकरण करने का दिया आशवासन**

**ग्वालियर, 5 अक्टूबर. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर व्यापार मेला के दुकानदारों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण कराने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को अधिकृत किया था.**

मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया एवं संयुक्त अध्यक्ष अनिल पुनियानी के नेतृत्व में मेला व्यापारियों ने इन दोनों वरिष्ठ मंत्रियों से भेंटकर मांग की कि ग्वालियर मेला में विगत वर्ष जिन पुराने दुकानदारों ने दुकानें लगाई थीं, उन सभी को इस वर्ष बिना नीलामी और ईटेंडरिंग के अनिवार्य रूप से दुकानें आवंटित की जाएं.



मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रीद्वय को दिए ज्ञापन में पुरजोर ढंग से मांग रखी कि दुकानों के किराए में इस वर्ष की गई भारी वृद्धि को तत्काल वापस लेकर व्यापारियों को राहत प्रदान की जाए. मंत्रीद्वय ने कहा कि सिंधिया सदैव व्यापार हितैषी सोच के होने के साथ ही मेला दुकानदारों के सच्चे अभिभावक का दायित्व निभाते रहे हैं. इसलिए मेला व्यापारी निश्चिंत रहें. ग्वालियर मेला की दुकानों के किराए में की गई वृद्धि को वापस लेने, पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय से पहले दुकान आवंटित करने एवं दुकानों की ईटेंडरिंग के प्रोसेस को रोकने की मांगें सिंधिया के संज्ञान में हैं और इस पर व्यापारियों के हित में ही निर्णय लिया जाएगा. विगत वर्ष मेला में दुकान लगाने वाला एक भी पुराना दुकानदार दुकान से वंचित न रहे. व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि दुकान आबंटन में ईटेंडरिंग किसी भी सूरत में लागू नहीं होना चाहिए.